वागड़ संदेश

(ई पेपर) में
खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
8890633631, 9309255545, 6351581818
editorwagadsandesh@gmal.com

वागड़ संदेश

Tital Code. : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक-14 सागवाड़ा, बुधवार,8 सितम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सुविचार

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

64 परीक्षा केंद्रों पर 15 हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों पीटीईटी की परीक्षा दी

डूंगरपुर।

जिले में पीटीईटी परीक्षा का आज आयोजन किया गया । पीटीईटी परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में उत्साह नजर आया। जिले में 64 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 15 हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों ने इम्तिहान दिया। वही 1656 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे । जिले के 64 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा 11 बजे से शुरू हुई। परीक्षा को लेकर सुबह 10.30 बजे से परीक्षार्थियों का प्रवेश शुरू कर दिया गया। परीक्षा केंद्र के गेट पर ही परीक्षार्थियों को मास्क लगाकर रखने की नसीहत दी गई। हाथों को सेनेटाइज करवाया गया तो परीक्षार्थियों के थर्मल स्क्रीनिंग से जांच की गई।कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर इस बार परीक्षार्थियों को सोश्यल डिस्टेंसिंग के साथ बैठाया गया। एक कमरे में 12 से 15 परीक्षार्थियों को ही बैठाया गया ताकि किसी तरह का संक्रमण का खतरा नहीं रहे। तीन घंटे तक आयोजित परीक्षा के बाद दोपहर 2 बजे परीक्षा संपन्न हो गई। परीक्षा के दौरान किसी तरह का कोई नकल का मामला नहीं मिला।परीक्षा को लेकर जिलेभर में 1। हजार 115 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 15 हजार 459 परीक्षार्थियों ने अपना पेपर दिया, जबकि 1656 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रेमी युगल द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस जांच में जुटी

डूंगरपुर।

जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के बिछीवाड़ा गांव के कुए में कूदकर प्रेमी युगल द्वारा आत्महत्या करने के मामले में आज पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में शवो का पोस्टमार्टम करवाया। इधर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव दोनों के परिजनों को सुपुर्द किये । पुलिस के अनुसार कल शाम को बिछीवाडा गाँव के एक कुए में कूदकर एक लडके व लडकी ने आत्महत्या कर ली थी । सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी । इस दौरान कुए के पास एक बेग पड़ा था उस पर एक कीटनाशक दवा व सुसाइड नोट पड़ा था ।

सुसाइड नोट पर सिर्फ इतना लिखा था कि हम दोनों को एक ही श्मशान में जलाना। वही इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को कुए से बाहर निकाला था पुलिस ने लड़के की पहचान खाकरा फला निवासी 12 वी के छात्र प्रवेश रोत के रूप में की वही लड़की की पहचान लाम्बा भाटडा निवासी 9 वी की छात्रा के रूप में की थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवो को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था । इधर आज सुबह परिजनों के मोर्चरी आने के बाद पुलिस ने दोनों शवो का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

बीजेपी प्रदेश प्रभारी की मेघवाल को चेतावनी, ऐसे बयान से पार्टी को नुकसान होता है

जयपुर।

भाजपा के वरिष्ठ विधायक कैलाश मेघवाल की ओर से गुलाबचंद कटारिया के खिलाफ लिखे लेटर पर पार्टी में बवाल जारी है। इस लेटर में उन्होंने कटारिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष पद से हटाने की मांग की थी।

इस मामले में बीजेपी प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने मेघवाल को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि ऐसे बयानों को पार्टी ठंडे बस्ते में नहीं डालने वाली है। सही समय आने पर ध्यान रखा जाएगा। इस तरह की बयानबाजी से पार्टी को नुकसान होता है। अरुण सिंह बुधवार को जयपुर पहुंचे थे।

सागवाड़ा विकास अधिकारी के खिलाफ कांग्रेस के उपप्रधान ने लगाए मनमानी के आरोप

⇨ पंचायती राज विभाग के घटिया निर्माण कार्यों को लेकर उप प्रधान ने खोला मोर्चा

⇨ ये कैसी सरकार -कांग्रेस के उप प्रधान को ही सूचना के लिए अधिकारियों के लगाने पड़ रहे चक्कर

सागवाड़ा।

कांग्रेस से चुने गए सागवाड़ा उप प्रधान को अपनी ही सरकार में अधिकारी तवज्जो नहीं दे रहे हैं। पंचायती राज की सुचनाओं के लिए उप प्रधान को अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

उप प्रधान नरेश पाटीदार के आरोप गंभीर है। पंचायत समिति उप प्रधान नरेश पाटीदार ने उपखंड अधिकारी राजीव द्विवेदी को पत्र देकर विकास अधिकारी सुनील शाह पर मनमानी के आरोप लगाए हैं। पाटीदार ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से ग्राम पंचायतो में विकास कार्य किये जा रहे है। तथा कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं। आम जनता तक विकास के कार्य की जानकारी पहुचाने या मांगने पर विकास अधिकारी की ओर से अपशब्द का उपयोग करने एवं जनप्रतिनिधियो से आम जन की तरह बात कर संतोषप्रद जवाब नही मिलता है और मनमानी अनुरूप पंचायत समिति में कार्य चला रहे हैं। पाटीदार ने बताया कि ग्राम पंचायत वरसिंगपुर में सड़क निर्माण कार्य में घटिया साम्रगी का उपयोग हो रहा है जिसकी जानकारी ग्राम विकास अधिकारी को देते हुए कार्य रूकवाने का आग्रह किया। ग्राम विकास अधिकारी ने जवाब में हाँ कहा और उसके बाद मनमानी अनुरूप ग्राम विकास अधिकारी ने कार्य चालू कर दिया। विकास अधिकारी को फोन लगाया लेकिन जनप्रतिनिधि का फ़ोन तक नही उठाया तथा अपशब्दो का उपयोग किया। पाटीदार ने बताया कि दो साल पहले भी वहा पर सड़क बनी थी जो चार माह में ही टूट गई थी। चार माह में सड़क के टूटने से आमजन को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि सागवाड़ा पंचायत में प्रधान भाजपा का है तथा उप प्रधान कांग्रेस से है ऐसे में कांग्रेस उप प्रधान की बात को विकास अधिकारी की ओर से तवज्जो नही दिए जाने से सभी को आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजली राजोरिया किया निरीक्षण

डूंगरपुर।

डूंगरपुर। जिला परिषद डूंगरपुर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजली राजोरिया ने बुधवार को झोथरी पंचायत समिति के पाडली गुजरेश्वर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां योजना सम्बन्धी रिकार्ड संधारण देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम पंचायत में चल रहे नरेगा व विभिन्न योजनाओं के चल रहे कार्यो को निरीक्षण किया इस अवसर पर विकास अधिकारी रमेश व प्रवीणसिंह राव उपस्थित थे।

डूंगरपुर तहसील चौराहे से बादल महल तक अब हो सकेगी मॉर्निंग वॉक

डूंगरपुर। नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने नाना भाई पार्क का निरीक्षण किया और नाना भाई पार्क में लाफिंग गेलेरी लगाने की घोषणा की। बुधवार को सभापति अमृत कलासुआ के साथ उपसभापति सुदर्शन जैन,पार्षद भूपेश शर्मा सहित परिषद के कार्मिको ने नाना भाई पार्क और तहसील चौराये से लेकर बादल महल रोड तक की रिंग रोड का निरीक्षण किया। सभापति ने निरीक्षण के दौरान नाना भाई को आकर्षित बनाने हेतु पार्क में बच्चो के लिए लाफिंग गेलेरी लगाने की बात कही वही तहसील चौराये से लेकर बादल महल रिंग रोड जो धोबी घाट के नाम से जाना जाता था उसको सुबह और शाम मॉर्निंग वॉक के लिए खोला जाएगा जहा शहरवासी सुबह और शाम अपने परिवार के साथ वॉक कर सकेंगे,रिंग रोड पर तत्काल लाइट लगाने एवं रिंग रोड को स्वच्छ और सुन्दर बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पार्कों में नियमित रूप से साफ़ सफाई और पेड़ पोधो के सही रखाव की भी बात कही,सभापति ने पार्क में पक्षियों के बारे में जानकारी ली और जल्द ही अन्य प्रजाति के पक्षी लाने को कहा। पक्षी विशेषज्ञ निखिल सेठिया ने बताया कि वर्तमान में पार्क में बहुत से आकर्षक पक्षी विध्यमान है और जल्द ही उड़ती हुई गिलहरी और ऑस्ट्रेलिया के पक्षी लाये जायेंगे।

भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं व मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन

डूंगरपुर।

डूंगरपुर। जिले में भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर आज कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देते हुए प्रदर्शन किया । वही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा । इस मौके पर किसान नेताओं ने कहा की डूंगरपुर जिले में इस बार औसत की आधी से भी कम बारिश हुई है जिसकी वजह से फसलें खराब हो गई है, वहीं आने वाले समय में पानी की भी भारी किल्लत होगी।

किसानों ने राज्य सरकार से डूंगरपुर जिले में अकाल घोषित करने के साथ फसल खराबे का मुआवजा देने, कृषि के बिजली बिलों में दी जाने वाली एक हजार रुपये की रियायत को खातों में ना भेज कर सीधे बिल में समायोजित करने, कृषि उत्पादों का सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने, प्रत्येक तहसील स्तर पर खरीद केंद्र खोलने और प्रशासन गांव के संग अभियान में कास्तकारों की भूमि संबंधी समस्याओं के प्राथमिकता से निस्तारण करने की मांग की है।

REET - 20 से 30 सितंबर तक रोडवेज बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगे अभ्यर्थी

कोरोना वैक्सीन अनिवार्य नहीं

जयपुर।

जयपुर। REET परीक्षा के दौरान कोरोना गाइडलाइन के अनुरूप ही अभ्यार्थियों को टेंपरेचर चेक कर उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। इसके बाद उन्हें सोशल डिस्टेंसिंग के आधार पर ही बिठाया जाएगा, लेकिन परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को वैक्सीन लगी होना अनिवार्य नहीं है।

ऐसे में जिन अभ्यर्थियों को अब तक वैक्सीन नहीं लग पाई है। वह भी 26 सितंबर को होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि इस दौरान परीक्षा केंद्र पर तैनात टीचर और स्टाफ को वैक्सीन लगी होना अनिवार्य है।REET से पहले 20 सितंबर से बोर्ड कार्यालय में केंद्रीय कंट्रोल रूम शुरू होगा।

कंट्रोल रूम 22 सितंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक और 23 सितंबर से 27 सितंबर तक सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक कार्यरत रहेगा। कंट्रोल रूम का नंबर 0145-263436 और 01412630437 है।

यहां अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र से संबंधित अपनी समस्याओं की जानकारी ले सकता है। इसके अलावा जिला कंट्रोल रूम की भी स्थापना होगी।

राजस्थान में भीड़-भाड़ वाले आयोजनों पर रोक

जयपुर। राजस्थान में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए किसी भी प्रकार के भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक, सामाजिक, राजनीतिक, खेल-कूद, मनोरंजन संबंधी, सांस्कृतिक एवं धार्मिक समारोह और मेलों एवं हाट बाजारों पर प्रतिबंध जारी रहेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशों के बाद प्रदेश के गृह विभाग ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किए।प्रमुख शासन सचिव (गृह) अभय कुमार ने इस संबंध में 10 जुलाई, 2021 को जारी आदेश का हवाला देते हुए सभी कलेक्टर, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है इसमें कहा गया है कि अभी कोरोना का संक्रमण पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। कोरोना गाइडलाइन को नहीं मानने की लापरवाही तीसरी लहर का कराण बन सकती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए भीड़-भाड़ वाले कार्यक्रमों पर पाबंदी जारी रखें। धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैलियों आदि का आयोजन ना हो।

आईसीटी लेब के लिए सरपंच ने किया आर्थिक सहयोग

सागवाड़ा। राउमावि पीपलागूंज में आईसीटी लेब स्थापना के लिए विभिन्न भामाशाहों के सहयोग के साथ ही सरपंच पार्वती देवी ने 10000 की राशि भेंट की। इसी अवसर पर नाथूलाल रोत ग्राम विकास अधिकारी ने भी 2000 की राशि विद्यालय को भेंट कर आईसीटी लैब स्थापना में आर्थिक सहयोग दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रोहित कुमार जोशी ने सरपंच पार्वती देवी और सचिव आभार व्यक्त किया।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से सागवाड़ा क्षेत्र के पत्रकारों ने की मुलाकात। वागड़ क्षेत्र में पेयजल सुविधा को लेकर चर्चा की।

बनकोडा में दो माह पहले सूने मकान में हुई चोरी का खुलासा नही होने से ग्रामीणों में रोष

डूंगरपुर।

जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के बनकोडा गांव में दो माह पहले सूने मकान में हुई लाखो की चोरी का अभी तक खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है । पीड़ित मकान मालिक व ग्रामीण आज कोलेक्ट्रेट पहुंचे और पुलिस द्वारा अभी तक मामले का खुलासा नहीं करने के विरोध में प्रदर्शन किया । इस मौके पर पीड़ित बनकोडा निवासी जयवर्धन सिंह ने बताया की पीड़ित अपने परिवार के साथ अहमदाबाद गया हुआ था इस बीच । जुलाई को अज्ञात चोरो ने उनके सूने मकान को निशाना बनाते हुए 15 लाख रूपये के सोने-चांदी के जेवर व 50 हजार की नगदी चुरा ले गए थे । पीड़ित के थाने में मामला दर्ज करवाया था लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरो का कोई सुराग नहीं लगा पाई है । ऐसे में पीड़ित व ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन देकर मामले में जल्द चोरो की गिरफ़्तारी की मांग की है।

बाइक और जीप की टक्कर में बाइक सवार घायल

सागवाड़ा।

पंचवटी रो पर विद्यानगर स्कूल के सामने बुधवार को बाइक और जीप की टक्कर में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बेडसा निवासी महिपाल पुत्र रामजी कलासुआ बुधवार को अपनी पुत्री वर्षा कलासुआ को पीटीईटी की परीक्षा दिलवाने बाइक से सागवाड़ा आया था। परीक्षा के बाद वापसी में विद्यानगर स्कूल के सामने सामने से तेज गति में आ रही जीप ने टक्कर मार दी। जिससे वर्षा उछल कर सड़क किनारे खड़ी जीप पर जा गिरी वही महिपाल बाइक समेत नीचे जा गिरा। जिसके दाहिने हाथ और पैर में चोटे आई। महिपाल को 108 की सहायता से सागवाड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा उसका उपचार जारी हैं।

राजस्थान ग्रामीण ओलम्पिक खेलो के आयोजन के संबंध में बैठक

डूंगरपुर।

प्रदेश के खेल मंत्री अशोक चांदना व सीएस निरंजन आर्य ने आज वीसी के जरिये राजस्थान ग्रामीण ओलम्पिक खेलो के आयोजन के सम्बन्ध में अधिकारियो की बैठक ली । डूंगरपुर कलेक्ट्रेट के आईटी केंद्र से जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे । बैठक में खेल मंत्री अशोक चांदना ने कहा की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट सत्र में गाँव की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए राजस्थान ग्रामीण ओलम्पिक खेलो के आयोजन की घोषणा की थी । उन्होंने कहा की इसके पीछे ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तराशना, निरोगी राजस्थान व प्रदेश में खेल वातारण का निर्माण करना है । उन्होंने बताया की इसके आयोजन के लिए गाँव से लेकर प्रदेश स्तर तक आयोजन समिति बनाई जायेगी । ये समितिया खेलो के प्रचार-प्रसार, खेलो का आयोजन, खेल उपकरणों की खरीद व अन्य व्यवस्थाये देखेंगी । उन्होंने बताया की राजस्थान ग्रामीण ओलम्पिक खेलो में कबड्डी, वॉलीबाल, क्रिकेट, होकी, खोखो प्रतियोगिता पहले गाँव स्तर पर, फिर ब्लाक स्तर, फिर जिला स्तर पर और फिर राज्य स्तर पर आयोजित की जायेगी । बैठक में सीएस निरंजन आर्य ने सभी जिला कलेक्टर्स, एसपी व जिला परिषद सीईओ को राजस्थान ग्रामीण ओलम्पिक खेलो के आयोजन के लिए अपनी सहभागिता निभाने के निर्देश दिए है ।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिक्षको और स्वयंसेवी शिक्षकों का किया सम्मान

डूंगरपुर। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आज ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के dite भवन में कोरोना गाइडलाइन के अनुसार किया गया समारोह की अध्यक्षता डायट प्रधानाचार्य इंदिरा लड्ढा,मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मणिलाल छगन और विशिष्ट अतिथि प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कटारा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गटू लाल आहारी, कार्यक्रम सहायक समग्र शिक्षा अभियान अमृत लाल यादव ,और एसीबीओ बिछीवाड़ा लाल शंकर यादव थे । सहायक परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता dungarpur ने अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर दसों ब्लॉक के साक्षरता प्रभारी शिक्षकों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का सम्मान किया गया इसी अवसर पर शिक्षा सत्र 2020 21 के शिक्षक सम्मान के जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान का भी आयोजन किया गया जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान में ख्याति शर्मा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाजेड़ा, मोहन लाल कलाल महारावल तथा रा उ प्रा वि बड़ालिया के अध्यापक रविंद्र कोठारीको जिला स्तर पर तथा अध्यापक राजेंद्र सिह बेडसा, कुलदीप वर्मा एवं दीपक पंड्या का ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर ब्लॉक दोवड़ा के महेश कुमार व्यास प्रधानाध्यापक राउप्रावि धानी घटाऊ, साबला के धर्मेंद्र कुमार मीणा, आसपुर के राजेंद्र प्रसाद शर्मा ,बिछीवाड़ा के RP लाल शंकर यादव, गलियाकोट के शंकर लाल यादव, चीखली के मोहनलाल डामोर, सागवाड़ा के रण थोर विद्यालय के हीरा लाल मीणा, जोंथरी के आरपी भीम सिंह आहडा, डूंगरपुर के हरिप्रसाद शर्मा, ब्लॉक जोंथरि के शांतिलाल कटारा, ब्लॉक सीमलवाडा के बसंत लाल भगोरा सागवाड़ा नंदौड के वीटी हिना भट्ट, ब्लॉकदोवड़ा के घा टाऊ ग्राम पंचायत केधाणी की आरती नानोमा, तथा साक्षरता कार्यालय के दिनेश कुमार मीणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मणिलाल छगन ने कहा कि शिक्षा ही सर्वांगीण विकास का आधार है एवं समस्त ब्लॉक एवं जिला स्तरीय शिक्षकों को इस पुनीत कार्य में तन मन से सहयोग देने पर विभाग की ओर सेभुरी भुरी प्रशंसा की गई संचालन महेश कुमार व्यास ने और आभार एडीपीसी कार्यालय के अमृत लाल यादव ने किया।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस सम्मानित शिक्षक।

9 वीं कक्षा पढ़ने वाली एक छात्रा का अपहरण कर 6 माह तक दुष्कर्म के मामले में

दोषी को 20 साल के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माना की सजा

डूंगरपुर।

जिले की पोक्सो कोर्ट ने 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा का अपहरण कर 6 महीने तक दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। मामले से सबसे बड़ी बात यह है कि नाबालिग पीड़िता, पिता और गवाह कोर्ट में घटना से मुकर गए, लेकिन कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर मामले में सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया कि नाबालिग छात्रा के पिता ने दोवड़ा थाने में 8 फरवरी 2020 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमे बताया था कि उसकी बेटी 9वीं कक्षा में पढ़ाई करती थी। 29 जनवरी 2020 को वह स्कूल जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह स्कूल नहीं पंहुची और लापता हो गई। इसके बाद। बेटी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच नाबालिग बेटी के आरोपी हेमंत उर्फ जीवा पुत्र चेतनलाल निवासी वस्सी फला मालाबावसी अपहरण कर ले गया है। नाबालिग को वलोता फला तलैया में एक खंडहर मकान में रखा और 1 अगस्त 2020 तक दुष्कर्म करता रहा। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए साक्ष्य जुटाए। वहीं पीड़िता के बयान भी दर्ज किए गए।कोर्ट में बयानों के दौरान नाबालिग पीड़िता, उसके पिता और गवाह मामले में घटना से मुकर गए। उनके साथ किसी भी तरह की घटना नहीं होने की बात कही, जिस पर कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता, पिता और गवाह को पक्षद्रोही माना। वही कोर्ट में पुलिस की ओर से पेश किए गए एफएसएल रिपोर्ट, डीएनए रिपोर्ट ओर साक्ष्य के आधार पर आरोपी हेमंत उर्फ जीवा को लैंगिंग अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी करार दिया गया। मामले में कोर्ट ने दोषी हेमंत उर्फ जीवा को 20 साल के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये के जुर्माना से दंडित किया है।